>

Title : Need to provide public facilities to the people residing in Jeevan Bima Nagar township in Borivali, Maharashtra.

श्री संजय निरुपम (मुम्बई उत्तर): स्पीकर मैडम, मैं मुम्बई के बोरिवली इलाके में स्थित जीवन बीमा नगर टाउनशिप के लोगों के बारे में एक सवाल उठाना चाहता हूं। यह 70 साल पुरानी टाउनशिप है, जहां लगभग दस हजार लोग रहते हैं। इनकी पानी, बिजली, रास्ते आदि तमाम तरह की जो नागरिक सुविधाएं होती हैं तथा उन प्रश्नों से जुड़ा हुआ जो दर्द है, वह मैं सदन के सामने रखना चाहता हूं। चूंकि यह पूरा का पूरा टाउनशिप वित्त मंत्रालय के एक उपक्रम एलआईसी का टाउनशिप है। यह सत्तर साल पुराना है और सौ एकड़ में फैला हुआ टाउनशिप है। मेरा कहना है कि जब तक वहां एलआईसी के नोडल ऑफिसर नियमित तौर पर अपाइंट नहीं होंगे, उनके दुख-दर्द का ख्याल नहीं रखेंगे, तब तक उनका दूख दूर नहीं होगा।

मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्रालय से मांग करता हूं कि एलआईसी उपरोक्त कालोनी में रहने वाले लोगों के हित के लिए नागरिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक नोडल ऑफिसर नियुक्त करे, वहां नियमित तौर पर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का ख्याल रखे और उनकी लीज की प्रोपर्टी को फ्री होल्ड कराने की दिशा में आगे कदम उठाये।